प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 12.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित ये कार्यकम सुबह साढे छह बजे से सात बजकर चालीस मिनट तक आयोजित होंगे। मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। योग दिवस की इस वर्ष की थीम है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने और तकनीक को उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के युवा नवोन्मेषकों की सराहना की है। डिजिटल इंडिया ने युवाओं को नवाचार का लाभ उठाने में सक्षम बनाया है, जिससे पिछले 11 वर्ष में भारत की स्थिति वैश्विक प्रौद्योगिकी में महाशक्ति के रूप में मजबूत हुई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर माईजीओवीइंडिया की पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत फायदे हुए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के ग्यारह वर्ष समावेशी विकास, नवाचार और भारत के एक डिजिटल महाशक्ति के रूप में उभरने की कहानी है।

0000

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी उत्कल रंजन साहू ने आज आरपीएससी के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। श्री साहू की नियुक्ति दो दिन पहले की गई थी। वे 1988 बैच के आईपीएस ऑफिसर है।

0000

आज विश्व बालश्रम निषेध दिवस है। बच्चों का शोषण रोकने और बालश्रम को समाप्त करने के लिए इस वर्ष प्रयासों को तेज़ करने का लक्ष्य रखा गया है। बालश्रम निषेध दिवस पर प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। करौली में आज से बालश्रम मुक्त करौली अभियान की शुरूआत की गई है। जिला प्रशासन के इस नवाचार के माध्यम से 11 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

0000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से कल 22 चीतल मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व में भेजे गये। टाईगर रिजर्व में बाघो के लिए प्रचूर मात्रा में प्राकृतिक शिकार उपलब्ध कराने के लिए इन चीतलों को भेजा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी चीतल विभिन्न टाईगर रिजर्व्स में भेजे जायेंगे।

0000

प्रदेश में प्रचण्ड गर्मी ने इस सीजन के सारे रिकॉर्ड तोड दिए हैं। श्री गंगानगर में कल अधिकतम तापमान 48 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 7 शहरों में दिन का पारा 45 डिग्री सैल्सियस को पार कर गया। फलौदी, चूरू, चित्तौडगढ, वनस्थली, दौसा, कोटा और बीकानेर में कल तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। वहीं ज्यादातर स्थानों पर तापमान 42 से 44 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज हो रहा है। राजधानी जयपुर में दिन का तापमान 44 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रहा। कई इलाकों में न सिर्फ दिन बल्कि रात में भी लू जैसे हालात बने हुए है। भीषण गर्मी और लू से जनजीवन पर व्यापक असर पडा है। लोग दिन के समय घरों में ही रहने पर मजबूर है। प्रशासन की ओर से लोगों को हीटवेव और तेज गर्मी से बचाने के लिए विभिन्न इंतजाम किये जा रहे है। अस्पतालों में लू और तापघात के मरीजों के लिए बेड आरक्षित किये गये हैं।

0000

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यूपीआई लेन–देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाए जाने संबंधी तमाम दावे निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि सरकार यूपीआई के डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कई ऑनलाइन रिपोर्टो में दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीइआई लेन–देन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है।

00000